
# तेल की कीमत फिर हुआ 98 डॉलर पार

## कच्चा तेल महंगा, भारत ने रूस से खरीद 50 प्रतिशत बढ़ाई

**नई दिल्ली, 12 मार्च. मिडिल ईस्ट में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर अब वैश्विक ऊर्जा बाजार पर साफ दिखने लगा है. गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर तेज उछाल दर्ज किया गया.**



अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड आयल करीब 7प्रतिशत बढ़कर 98.60 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट भी तेजी के साथ 92 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार करता दिखा. विशेषज्ञों के मुताबिक मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और रणनीतिक समुद्री मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से तेल आपूर्ति पर मंडराते खतरे के कारण बाजार में अस्थिरता बढ़ गई है. हाल ही में इराक और कुवैत के पास अंतरराष्ट्रीय तेल टैंकरों पर हुए हमलों ने भी निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है.

**भारत ने रूस से 50 प्रतिशत बढ़ाई खरीद-** संभावित सप्लाई संकट से निपटने के लिए भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद में लगभग 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है. मार्च महीने में भारत द्वारा रूस से तेल आयात करीब 15 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया है. भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और अपनी जरूरत का करीब 88 प्रतिशत तेल विदेशों से खरीदता है.

### गैस संकट के डर से बढ़ी इंडक्शन चूल्हों की मांग

नई दिल्ली, पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर अब भारतीय घरों की रसोई तक पहुंचता दिखाई दे रहा है. एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका के बीच देश में इंडक्शन चूल्हों की मांग अचानक तेज हो गई है. एक रिपोर्ट अनुसार इंडक्शन चूल्हों की बिक्री में करीब 30 गुना तक उछाल आया है. वहीं ने भी पिछले कुछ दिनों में मांग चार गुना बढ़ने की पुष्टि की है. कई शहरों में क्विक-कॉमर्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर इंडक्शन चूल्हे तेजी से बिक रहे हैं और कई जगह यह 'आउट ऑफ स्टॉक' भी हो गए हैं. मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता का असर भारत में घरेलू किचन तक पहुंच गया है.

## बाँध के ऊपरी जलक्षेत्रों, जलाशयों में मछली पालन को बढ़ावा देने की नीति

**नयी दिल्ली, 12 मार्च.** सरकार ने कहा है कि मत्स्य पालन विभाग ने विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के तहत बाँध के ऊपरी क्षेत्रों और जलाशयों में मत्स्य पालन और जलीय कृषि को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाये हैं. मछली पालन की इन अप्रयुक्त सुविधाओं और संसाधनों का लाभ उठाने के लिए, मत्स्य पालन विभाग ने सभी राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों और हितधारकों के परामर्श से जलाशय मत्स्य पालन प्रबंधन के लिए मॉडल दिशानिर्देश तैयार किए हैं और कार्यान्वयन के लिए सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को भेजे हैं. यह जानकारी मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में दी.

# सोना-चांदी सस्ता होने से खरीददारों को राहत

**सोना 600 रुपये और चांदी 2210 रुपये तक गिरी**

**नई दिल्ली, 12 मार्च. कीमती धातुओं के बाजार में गुरुवार को गिरावट देखने को मिली. ताजा आंकड़ों के मुताबिक सोने और चांदी की कीमतों में कमी आई है, जिससे खरीदारों और निवेशकों को कुछ राहत मिली है.**



आईबीजेए के अनुसार 999 प्योरिटी वाला सोना गुरुवार को करीब 606 रुपये सस्ता होकर 1,59,624 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. इसी तरह 995 प्योरिटी वाला सोना भी करीब 603 रुपये की गिरावट के साथ 1,58,985 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखा. वहीं 916 प्योरिटी वाला सोना भी करीब 555 रुपये गिरकर 1,46,216 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया. सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है. एक किलो चांदी की कीमत 2,210 रुपये घटकर 2,63,800 रुपये प्रति किलो पर आ गई. बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक डॉलर की मजबूती और वैश्विक आर्थिक संकेतों के कारण कीमती धातुओं पर दबाव बना हुआ है. ताजा आंकड़ों के मुताबिक 999 प्योरिटी वाला सोना करीब 606 रुपये सस्ता होकर 1,59,624 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. यह जानकारी द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में सामने आई है. इसके अलावा 995 प्योरिटी वाला सोना भी 603 रुपये की गिरावट के साथ 1,58,985 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. वहीं 916 प्योरिटी वाला सोना 555 रुपये सस्ता होकर 1,46,216 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार करता दिखा.

# शेयर बाजारों में आई गिरावट



**829 अंक पर गिरा सेंसेक्स**

**227 अंक पर लुढ़का निफ्टी**

**मुंबई , 12 मार्च. पश्चिम एशिया में युद्ध की विभीषिका गहराने और फारस की खाड़ी में तेल टैंकरों पर हमले की बढ़ती घटनाओं से ईंधन बाजार पर दूरगामी असर की आशंकाओं के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में जारी गिरावट का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा और प्रमुख शेयर सूचकांक लगभग एक प्रतिशत नीचे बंद हुए.**

कारोबार में बैंकिंग , वित्तीय सेवा और वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर था. बीएसई 30 में बिजली क्षेत्र की एनटीपीसी और पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज , सन फार्मा , टेक महिंद्रा और एचसीएल को छोड़ कर 24 शेयर गिरावट घाटे में बंद हुए. बाजार कल भी गिरावट में था. मुंबई बाजार में सबसे ज्यादा खरीदे-बेचे जाने वाले 30 शेयरों पर आधारित बीएसई 30 सेंसेक्स कल की तुलना में 829.29 अंक (1.08 प्रतिशत) गिर कर 76,034.42 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 प्रमुख शेयरों पर आधारित निफ्टी50 भी 227.70 अंक (0.95 प्रतिशत) गिर कर 23,628 65 पर बंद हुआ.

# वोल्टास नवाचार में स्टार्टअप की करेगी मदद

**नई दिल्ली, 12 मार्च. उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने स्टार्टअप इकाइयों को उद्योग जगत से सहयोग दिलाने के अपने कार्यक्रम के तहत टाटा समूह की कंपनी वोल्टास लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं.**



इसके तहत कंपनी कूलिंग और स्मार्ट अप्लायंस इकोसिस्टम में नवाचार के लिए सहयोग को बढ़ावा देगी. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सहयोग का उद्देश्य उन स्टार्टअप्स को बड़े उद्योगों के संपर्क में लाना है जो हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग , उन्नत कंट्रोल सिस्टम, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग आधारित डायग्नोस्टिक्स, इंटरनेट आफ दी थिंग्सआधारित स्मार्ट उपकरण, तथा मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस ऑपरेशन्स के डिजिटलीकरण जैसी तकनीकों पर काम कर रहे हैं. इस पहल के तहत डीपीआईआईटी की स्टार्टअप इंडिया पहल और वोल्टास मिलकर भारत स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज के तहत इनोवेशन चैलेंज आयोजित करने और उद्योग से जुड़े समस्या-विषयों पर हैकाथॉन आयोजित करने की संभावनाओं का पता लगाएंगे. एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव ने कहा कि यह सहयोग उभरती तकनीकों और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों में उद्योग और स्टार्टअप्स के बीच अधिक सहभागिता को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों के अनुरूप है. उन्होंने कहा कि ऐसे साझेदारी मॉडल स्टार्टअप्स को उद्योग की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित और परीक्षण करने के अवसर प्रदान करते हैं.


## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

योजना की विस्तृत जानकारी www.mphousing.in/ www.mponline.gov.in पर उपलब्ध है।

**सैफायर पार्क सिटी कटारा हिल्स, भोपाल में विभिन्न श्रेणी के डूप्लेक्स भवन यथा स्थिति विक्रय हेतु उपलब्ध**

MP Online Help Line 0755-6720200

| क्र. | भवन का प्रकार | संख्या | भूखण्ड का अनुमानित क्षेत्र (व.मी.) | निर्मित क्षेत्रफल (व.मी.) | भवनों का अनुमानित मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) | आवेदन शुल्क (रुपये) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HIG Villa-B (3 BHK) | B-48, B-49, B-50, B-51, B-52, B-57, B-58, B-59, B-60 (9 भवन) | 93.75 व.मी. | 135.71 व.मी. | 71.67 | 10.75 | 1770/- |
| 2. | HIG Villa-C (3 BHK) | C-64, C-67, C-104, C-106, C-107, C-109, C-111, C-112, C-113, C-114, C-117 (11 भवन) | 81.25 व.मी. | 118.91 व.मी. | 62.65 | 9.39 | 1770/- |

**नोट :-** (1) इच्छुक क्रेताओं से अनुरोध है कि ऑफर प्रस्तुत करने से पूर्व स्थल निरीक्षण अवश्य कर लें, मंडल तथा शासन के नियम मान्य होंगे। स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कराने पर धरोहर राशि 50 प्रतिशत कटौती कर शेष राशि वापिस की जावेगी। मंडल द्वारा निर्धारित अन्य कर, शुल्क, लीजरेंट तथा कार्पस फण्ड इत्यादि पृथक से देय होंगे। (2) आवेदन करने की **प्रारंभ तिथि 13.03.2026** एवं धरोहर राशि जमा करने की **अंतिम तिथि 24.03.2026 सायं 5:00 बजे तक।** (3) बिड डालने की **अंतिम तिथि 25.03.2026 सायं 5:00 बजे तक।** (4) ऑफर **दिनांक 26.03.2026 सायं 03:00 बजे तक** खोला जायेगा।

**संपर्क :- सुनील कुमार बंसोर (सहायक यंत्री) मो. 9981619135, अभिषेक इंदौरा (उपयंत्री) मो. 9406639465, ललित कुमार डागौर (संपदा प्रबंधक) मो. 9406638144**

**एम.सी. घनघोरिया (कार्यपालन यंत्री) संभाग-03, भोपाल, मो. 9425148302**

म.प्र. माध्यम/124891/2026

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb


# कैनरा बैंक ने बढ़ाई ब्याज दरें

## दो और तीन साल की एमसीएलआर में 0 .10 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली. 12 मार्च. सरकारी बैंक कैनरा बैंक ने कर्ज लेने वाले ग्राहकों के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी का ऐलान किया है. बैंक ने दो और तीन साल की अवधि के लिए अपनी मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट में 0.10 प्रतिशत यानी 10 बेसिस प्वाइंट की वृद्धि की है.**



नई दरें 12 मार्च से लागू हो गई हैं. इस बदलाव के बाद दो साल की एमसीएलआर दर 8.85 प्रतिशत से बढ़कर 8.95 प्रतिशत हो गई है, जबकि तीन साल की एमसीएलआर 8.90 प्रतिशत से बढ़कर 9 प्रतिशत हो गई है. एमसीएलआर वह प्रमुख दर होती है जिसके आधार पर बैंक होम लोन, पर्सनल लोन और बिजनेस लोन जैसे कई कर्जों की ब्याज दर तय करते हैं. ब्याज दर में इस बढ़ोतरी का असर उन ग्राहकों पर पड़ सकता है जिनके लोन एमसीएलआर से जुड़े हुए हैं. ऐसे मामलों में आने वाले समय में उनकी मासिक किस्त यानी ईएमआई में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है.

# भारत पर फिर टैरिफ का खतरा

**भारत समेत 16 देशों पर कार्रवाई की तैयारी**

**डंपिंग और सब्सिडी वाले व्यापार मॉडल की जांच**

**वॉशिंगटन, 12 मार्च. वैश्विक व्यापार में तनाव एक बार फिर बढ़ता दिखाई दे रहा है. अमेरिका ने भारत, चीन और यूरोपीय संघ सहित अपने 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ नई ट्रेड जांच शुरू कर दी है. यह जांच अमेरिका के शक्तिशाली व्यापार कानून सेक्शन 301 के तहत की जा रही है, जिसके जरिए वह किसी भी देश पर एकतरफा टैरिफ या व्यापारिक प्रतिबंध लगा सकता है.**

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए कुछ वैश्विक टैरिफ को अवैध ठहरा दिया था. इसके बाद प्रशासन नए कानूनी विकल्पों के जरिए टैरिफ का दबाव बनाए रखने की कोशिश कर रहा है. अमेरिका का आरोप है कि कई देश जरूरत से ज्यादा उत्पादन कर अपने उत्पाद सस्ते दामों पर अमेरिकी बाजार में बेच रहे हैं. इससे अमेरिकी कंपनियों और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नुकसान पहुंच रहा है. अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के मुताबिक जांच के नतीजों के आधार पर इस साल गर्मियों तक नए टैरिफ लगाए जा सकते हैं.

**किन देशों पर है जांच-** इस जांच के दायरे में भारत और चीन के अलावा यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, ताइवान, थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, कंबोडिया, स्विट्जरलैंड और नॉर्वे शामिल हैं.

### भारत के लिए क्यों अहम है मामला

अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है. हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार तेजी से बढ़ा है. आंकड़ों के मुताबिक 2024 में अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 58 अरब डॉलर से ज्यादा था, जो 2025 में घटकर करीब 45 अरब डॉलर रह गया. फिर भी भारत उन देशों की सूची में शामिल है जिनकी व्यापार नीतियों की जांच की जा रही है. अगर जांच में भारतीय नीतियों को अनुचित माना गया तो भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जा सकता है.


## मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड

प्रकाश एवं विकास

कार्यालय उप महाप्रबंधक (सिविल), चम्बल कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल

फोन ऑफिस : 0755-2678206 ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com

क्रमांक 050/उपमहाप्रबं/सि./5331-32 भोपाल, दिनांक : 12.03.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल वृत्त भोपाल के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु कम्पनी/म.प्र. शासन/केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन के दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) एस.ओ.आर. (भवन एवं विद्युत) बेस रेट में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जोड़कर, भावपत्र सक्षिप्त e-निविदा के माध्यम से आंमत्रित किये जाते हैं।

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रुपये में |
|---|---|---|---|
| उपमप्रसि/भो./98/01 (ई-निविदा क्र. 2026_MKVVC_489969_1 | संचा/संधा वृत्त सीहोर अंतर्गत 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र उलझावन का निर्माण एवं अन्य सिविल संबंधित कार्य कराने बावत्। | 14.00 लाख | 28,000/- |
| उपमप्रसि/भो./98/02 (ई-निविदा क्र. 2026_MKVVC_490028_1 | संचा/संधा वृत्त सीहोर अंतर्गत 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र बिजोरी का निर्माण एवं अन्य सिविल संबंधित कार्य कराने बावत्। | 14.00 लाख | 28,000/- |
| उपमप्रसि/भो./98/03 (ई-निविदा क्र. 2026_MKVVC_490081_1 | संचा/संधा वृत्त सीहोर अंतर्गत 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र डोबरा का निर्माण एवं अन्य सिविल संबंधित कार्य कराने बावत्। | 14.00 लाख | 28,000/- |

**निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय : 13.03.2026 from 10:30 Hrs.**
**ऑनलाईन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 01.04.2026 up to 12:00 Hrs.**
**निविदा खुलने की दिनांक/समय : 02.04.2026 at 12:00 Hrs.**

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट **portal.mpcz.in** पर देखें एवं **mptenders.gov.in** पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते है।

म.प्र. माध्यम/124893/2026 **उप महाप्रबंधक (सिविल)**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद सीहोर
## जिला सीहोर म .प्र .

क्रमांक 181/GEM/स्वा.शा./2026 सीहोर, दिनांक 11/3/26

**निविदा विज्ञप्ति**

संबंधित क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं निर्माताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए ( GEM ) गवर्मेन्ट ई मार्केट से निविदा प्रक्रिया के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती हैं . विस्तृत निविदा कार्य से संबंधित समस्त अर्हताएं एवं आवश्यक दस्तावेज www.gem.gov.in पर देखे जा सकते हैं . निविदा से भाग लेने की अंतिम तिथि 27/3/2026 सायं 21 :00 :00 तक है . निविदा में यदि किसी प्रकार का कोई संशोधन किया जाता है तो वो समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा . संशोधन को Gem पोर्टल www.gem.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा .

| क्र . | निविदा क्रमांक | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | GEM/ 2026/B/ 7342045 | Toilet Cleaner, Acid Based Powder (V2) Conforming to IS 13760 (Q4) (As Per Given Specification in Bid) | 10.00 लाख रु . | 20000/- रु . | 15 दिवस |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्, सीहोर**



## मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

motilal oswal Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालयः मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ईमेलः hfquery@motilaloaswal.com. सीआईएन संख्याः U65923MH2013PLC248741

**ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ पठित, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु 15 दिनों की ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकताओं/गारंटियों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को गिरवी रखी गई निम्नलिखित संपत्ति, बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए "जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर "ऑनलाइन ई-नीलामी" के माध्यम से बेची जाएगी, जैसा कि SARFAESI अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित, नीचे विस्तार से बताया गया है। बेवसाईट www.motilaloswalhf.com नीचे दिए गए विवरण के अनुसारः

**ई-नीलामी की तिथि और समयः 30-03-2026 / 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के लिए असीमित विस्तार के साथ)**

| स. क्र. | उधारकर्ता/गारंटर/ ऋण खाता | मांग सूचना की तिथि और राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य, ईएमडी और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लैनः LXBHO00315-160008821 शाखाः भोपाल ऋणकर्ताः अरविंद राम गोपाल चौहान, सह-ऋणकर्ताः आरती अरविंद चौहान | 13-10-2022 रू. 731798/- (सात लाख इकतीस हजार सात सौ अन्ठानवे मात्र) | खसरा नंबर 473/1 के हिस्से पर प्लॉट, मेहरा गॉन, पीएच नं. 13, Nr राजहंस होटल, भोपाल, मध्य प्रदेश 461111 | आरक्षित मूल्यः रू. 100000/- (एक लाख मात्र) ईएमडीः रू. 10000/- (दस हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 29.03.2026 |
| 2 | लैनः LXMOBHOPAL722-230656086 शाखाः भोपाल उधारकर्ताः खेम सिंह कुशवाह सह-उधारकर्ताः नेहा कुशवाह | 04-11-2023 रू. 1568587/- (पंद्रह लाख अड़सठ हजार पाँच सौ सत्तासी मात्र) | ग्राम टिकानखेड़ी में, पीएच नं. 111/24, खसरा नंबर 26/2/2, आरजीएनएम क्रमांक 02, तहसील-बैरसिया, भोपाल, मध्य प्रदेश 458304 | आरक्षित मूल्यः रू. 300000 (तीन लाख मात्र) ईएमडीः रू. 30000 (तीस हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 29.03.2026 |

नियम एवं शर्तें 1. नीलामी बोली दस्तावेज के आगे दिए गए नियमों एवं शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है। बोली लगाने वाले बोली संबंधी जानकारी और सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली प्रपत्र के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स ARCA EMART PRIVATE LIMITED के वेब पोर्टलः https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं। इच्छुक खरीदार नीलामी के नियमों एवं शर्तों और प्रक्रिया को इसी पोर्टल पर देख सकते हैं और प्रशांत कुमार पांडे - 8819922304, मुकेश धाकड़ - 9372704710 से संपर्क कर सकते हैं। उपरोक्त वेब पोर्टल पर विवरण उपलब्ध हैं और वे अपने केंद्रीय सहायता डेस्कः +91 83709 69696, ईमेल आईडीः contact@auctionbazaar.com से भी संपर्क कर सकते हैं।

**स्थानः मध्य प्रदेश** **अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रजी संस्करण मान्य होगा** एसडी-
**दिनांकः 13.03.2026** **प्राधिकृत अधिकारी, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**
**(पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)**


## 13 से कम उम्र के बच्चों के लिए व्हाट्सप्प का नया नियम

**नई दिल्ली, 12 मार्च.** डिजिटल दुनिया में बच्चों की बढ़ती मौजूदगी को देखते हुए मेटा प्लेटफॉर्म्स ने बड़ा फैसला लिया है.अब 13 साल से कम उम्र के बच्चे भी व्हाट्सप्प का इस्तेमाल कर सकेंगे, लेकिन पूरी तरह अपने माता-पिता की निगरानी में. कंपनी ने इसके लिए नया पेरेंट-मैनेज्ड अकाउंट मॉडल लॉन्च किया है, जिसमें बच्चों के अकाउंट की सभी अहम सेटिंग्स पर अभिभावकों का नियंत्रण रहेगा. कंपनी ने पेरेंट-मैनेज्ड अकाउंट नाम का नया फीचर पेश किया है, जिसके जरिए अब 13 साल से कम उम्र के बच्चे भी का इस्तेमाल कर सकेंगे, लेकिन अभिभावकों की निगरानी में. अब तक व्हाट्सप्प इस्तेमाल करने की न्यूनतम उम्र 13 साल तय थी, लेकिन कंपनी का कहना है कि बड़ी संख्या में बच्चे पहले से ही किसी न किसी तरीके से इस ऐप का उपयोग कर रहे थे.


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

**(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)**

**CIN L65110TN2014PLC097792,**
**पंजीकृत कार्यालयः - केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031. टेलीफोनः +91 44 4564 4000 फैक्सः +91 44 4564 4022**

**परिशिष्ट IV [नियम 8(1)] कब्जे का नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 3] के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ता/सह-उधारकताओं और गारंटीकताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नीचे संलग्न मांग नोटिस में उल्लिखित राशि को मांग नोटिस की तिथि से भुगतान/वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्कों सहित चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया है।

ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर राशि चुकाने में असफल रहे हैं, इसलिए ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित, नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।

| ऋण खाता संख्या | खाता सह-उधारकर्ता/ओं का नंबर और गारंटर नाम | गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण | मांग नोटिस | | कब्जा लेने की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक | बकाया राशि (रु.) | |
| 88432469 | 1. धर्मेन्द्र सिंह, 2. बबीता बाई वर्मा | रामनगर गांव, तहसीलः इच्छवार, पिन कोड 15, जिलाः सीहोर, मध्य प्रदेश--466115 में स्थित आवासीय भूखंड/मकान संख्या 23, जिसका क्षेत्रफल 26 x 54 (1404 वर्ग फुट या 130.48 वर्ग मीटर) है, और जिसका निर्मित क्षेत्र 1404 वर्ग फुट (पृथ्वी तल पर आरसीसी) और 702 वर्ग फुट (प्रथम तल पर आरसीसी) है, की सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्वः कैलाश जी, पश्चिमः रास्ता, उत्तरः मंगिलाल प्रजापति, दक्षिणः सूरज वर्मा। | 27.02.2025 | रू. 7,31,452.82/- | 09.03.2026 भौतिक कब्जा |
| 99646360 | 1. दीपक मालवीय, 2. मानकुंवर बाई नर्बत, 3. नर्बत सिंह | अचल संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल आवासीय प्लॉट/मकान संख्या 378, जिसका क्षेत्रफल 2705.02 वर्ग फुट और क्षेत्रफल 251.39 वर्ग मीटर है, निर्मित क्षेत्र 336 वर्ग फुट ग्राउंड फ्लोर (आरसीसी) और 450 वर्ग फुट ग्राउंड फ्लोर (कबेलू) है, जो सर्वेक्षण संख्या / आबादी खसरा संख्या 304 के अंतर्गत आता है, ग्रामः रामनगर, पी.एच. में स्थित है। क्रमांक 15, तहसील एवं जिलाः सीहोर, मध्य प्रदेश राज्य-466115, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्व में जगदीश वर्मा का घर, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में रास्ता, दक्षिण में माखन प्रजापति का घर। | 25.05.2024 | रू. 4,20,756.73/- | 09.03.2026 भौतिक कब्जा |

विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित किसी भी लेन-देन पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) द्वारा मांग नोटिस में उल्लिखित राशि के साथ-साथ मांग नोटिस की तारीख से भुगतान/वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क का प्रभार लगाया जाएगा।

**दिनांकः 09.03.2026** **अधिकृत अधिकारी**
**स्थानः मध्य प्रदेश** **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)**